# शेरावाली के भवन लगे मेले | By Ram Kumar Lakha |

शेरावाली के भवन लगे मेले
शेरावाली के भवन लगे मेले
आए भक्त यहाँ अलबेले
कि माँ की जय जयकार बोलके
कि माँ की जय जयकार बोलके

सच्चा है दरबार मेरी मैया जी का
मिलता है प्यार मेरी मैया जी का

जिनको भी मैया रानी दर पे बुलाती है
खुशी के खजाने मैया उनपे लुटाती है
सारे मिट जाते हैं झमेले
सारे मिट जाते हैं झमेले
आए भक्त यहाँ अलबेले
कि माँ की जय जयकार बोलके
कि माँ की जय जयकार बोलके

सच्चा है दरबार मेरी मैया जी का
मिलता है प्यार मेरी मैया जी का

चरणों में श्रद्धा से जो सर को झुकाते हैं
मन की मुरादें वो पल में ही पाते हैं
माँ सबकी बलाएँ ले ले
माँ सबकी बलाएँ ले ले
आए भक्त यहाँ अलबेले
कि माँ की जय जयकार बोलके
कि माँ की जय जयकार बोलके

सच्चा है दरबार मेरी मैया जी का
मिलता है प्यार मेरी मैया जी का

मैया मेरी वैष्णो तो बड़ी बेमिसाल है
पिंडी रूप में करे सबको निहाल है
फिर क्यों कोई विपदा झेले
फिर क्यों कोई विपदा झेले
आए भक्त यहाँ अलबेले
कि माँ की जय जयकार बोलके
कि माँ की जय जयकार बोलके

सच्चा है दरबार मेरी मैया जी का
मिलता है प्यार मेरी मैया जी का

राज मेहर मैया जैसा नहीं कोई दानी है
झोलियाँ सभी की भरे मैया महारानी है
झूठी दुनिया में फिर क्यों खेले
झूठी दुनिया में फिर क्यों खेले
आए भक्त यहाँ अलबेले
कि माँ की जय जयकार बोलके

कि माँ की जय जयकार बोलके

शेरावाली के भवन लगे मेले
शेरावाली के भवन लगे मेले
आए भक्त यहाँ अलबेले
कि माँ की जय जयकार बोलके
कि माँ की जय जयकार बोलके

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b6%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a4%be%e0%a4%b5%e0%a4%be%e0%a4%b2%e0%a5%80-%e0%a4%95%e0%a5%87-%e0%a4%ad%e0%a4%b5%e0%a4%a8-%e0%a4%b2%e0%a4%97%e0%a5%87-%e0%a4%ae%e0%a5%87%e0%a4%b2%e0%a5%87-by-ram-kumar/